प्रेस नोट दि0-08.11.2024 जनपद प्रतापगढ़

थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन जारी,

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने के प्रकरण में शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

हत्या का प्रयास व गोवध के प्रकरण से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना सांगीपुर पुलिस टीम द्वारा शाहबरी तिराहे के पास से अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सांगीपुर के थानाध्यक्ष श्री मनीष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 श्री आकाश शुक्ला मय हमराह का0 विष्णु शर्मा, का0 संदीप कुमार द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना सांगीपुर के मु0अ0सं0- 07/2020 धारा 307 भा0द0वि0 व 3/5ए/8गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित 01 अभियुक्त मो0 शमीर उर्फ बबलू पुत्र मो0 अमीन निवासी ग्राम उत्तर पट्टी धरावा थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर को थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत शाहबरी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों द्वारा एक राय होकर हत्या का प्रयास, गोवध के प्रकरण में थाना महेशगंज में दिनाँक 07/01/2020 को अभियोग पंजीकृत था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- मो0 शमीर उर्फ बबलू पुत्र मो0 अमीन निवासी ग्राम उत्तर पट्टी धरावा थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-
उ0नि0 श्री आकाश शुक्ला मय हमराह का0 विष्णु शर्मा, का0 संदीप कुमार थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़।

थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़

थाना रानीगंज पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रानीगंज के उ0नि0 हरिमोहन राजपूत द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान मु0नं0-207/04 अ0सं0- निल/99 धारा 323, 504 भादवि0 थाना रानीगंज से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों 01- सुरेश कुमार पुत्र दरगाही, 02- सुखई पुत्र महमू निवासीगण जामताली शुक्लान थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों का विवरण-
01- सुरेश कुमार पुत्र दरगाही निवासी जामताली शुक्लान थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।
02- सुखई पुत्र महमू निवासी जामताली शुक्लान थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम- उ0नि0 हरिमोहन राजपूत थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।